लिंग भैरवी

दिवंगत के लिए अनुष्ठान

व्यक्तिगत रूप से या ऑनलाइन अर्पण करें

"जैसे जीवित लोगों के प्रति हमारी जिम्मेदारियाँ हैं, वैसे ही मृतकों के प्रति भी हमारी ज़िम्मेदारियाँ हैं। मृत्यु के बाद एक सीमित समयावधि में, मृतकों पर प्रभाव डालने की गुंजाइश होती है।"

- सद्गुरु

यहाँ और परलोक के जीवन की सुध लें

कोयंबटूर में लिंग भैरवी का उपयोग मृतक के लिए कुछ प्रक्रियाओं के संचालन हेतु ऊर्जा आधार के रूप में किया जाता है। ये प्रक्रियाएँ जीवित और मृत दोनों के लाभ के लिए रक्त संबंधियों के बीच ऋणानुबंध (स्मृति छाप) को विसर्जित करने के लिए होती हैं।

सद्गुरु: "भारतीय संस्कृति में, जब कोई व्यक्ति मर जाता है, तो हम हमेशा ऋणानुबंध को मिटा देना चाहते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि बीते हुए कल की अपनी एक शक्ति होती है। अगर आप खुद को इससे मुक्त नहीं करते, तो बीता हुआ कल आपके आने वाले कल पर राज करेगा। ये छापें सिर्फ़ आपके मन में ही नहीं, बल्कि आपके शरीर और ऊर्जाओं में भी होती हैं। तो, मृत्यु संस्कारों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि आपको इससे मुक्त हो जाना चाहिए।"

लिंग भैरवी में मृतक के लिए अनुष्ठान करने के बाद भी स्थानीय पुजारियों द्वारा घर पर पारिवारिक अनुष्ठान (श्राद्ध) किया जा सकता है।

कालभैरव कर्म

यह अनुष्ठान मृत्यु के बाद एक निश्चित अवधि के भीतर देवी की कृपा का आह्वान करके अर्पित किया जाता है, और इसे लिंग भैरवी और निर्काय स्थानम (इस उद्देश्य के लिए बनाए गए जल कुंड) दोनों जगहों पर किया जाता है। यह प्राकृतिक और अप्राकृतिक, दोनों तरह की मृत्यु में एक सहज और सुखद गति प्रदान करता है।

मृत्यु की प्रकृति के अनुसार समय-सीमाएं

यह प्रक्रिया मृत्यु के बाद एक खास समयावधि के भीतर पूरी होनी चाहिए, जो मृत्यु की प्रकृति के आधार पर 14 से 90 दिनों तक, या अनिश्चित काल तक भी हो सकती है। विस्तृत समय-सीमा की सूची वेबसाइट पर है।

आवश्यकताएँ:

- मृतक की एक तस्वीर (जब वे जीवित थे)
- एक वस्त्र (अंडरगारमेंट्स, साड़ियाँ और मृत्यु के समय पहने गए कपड़ों को छोड़कर)
- जहाँ तक संभव हो, मृतक का कोई रक्त संबंधी इस प्रक्रिया में उपस्थित होना चाहिए
- मृत-जन्म या गर्भपात के लिए (जो गर्भावस्था के 48 दिनों के बाद होते हैं), गर्भावस्था के दौरान ली गई माँ की एक तस्वीर आवश्यक है। यदि उपलब्ध न हो, तो माँ की कोई अन्य तस्वीर भी स्वीकार्य होगी।

टिप्पणी:

- इस प्रक्रिया के बाद मृतक के परिवार को अस्थि प्रसादम प्राप्त होगा।
- कालभैरव कर्म केवल मृतकों के लिए है, जीवित के लिए नहीं।
- यह प्रक्रिया जानवरों और पालतू जानवरों के लिए नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें:
bhairavi.co/karma

कालभैरव शांति

यह अनुष्ठान मृत्यु के बाद किसी भी समय किया जा सकता है, विशेष रूप से कालभैरव कर्म की समय सीमा समाप्त होने के बाद। यह प्रत्येक अमावस्या को मध्यरात्रि संध्याकाल के दौरान किया जाता है और इसे हर महीने या वर्ष में दोहराया जा सकता है।

महालया अमावस्या को वार्षिक कालभैरव शांति प्रक्रिया भी की जाती है।

आवश्यकताएँ:

- मृतक की व्यक्तिगत तस्वीर (ग्रुप में नहीं) (जब वे जीवित थे)
- मृतक का नाम, जन्मतिथि या जन्म का सही वर्ष, मृत्युतिथि या मृत्यु का सही वर्ष (या) माता और पिता दोनों के नाम
- मृत-जन्म या गर्भपात के लिए (जो गर्भावस्था के 48 दिनों के बाद होते हैं), गर्भावस्था के दौरान ली गई माँ की तस्वीर आवश्यक है। यदि उपलब्ध न हो, तो माँ की कोई अन्य तस्वीर भी स्वीकार्य होगी।

टिप्पणी:

- यह सलाह दी जाती है कि जो महिलाएं गर्भवती हैं या मासिक धर्म से गुजर रही हैं, उन्हें कालभैरव शांति प्रक्रिया के लिए नहीं आना चाहिए, क्योंकि यह उनकी खुशहाली के लिए अनुकूल नहीं है।
- इस प्रक्रिया के लिए अगले 12 महीनों या 10 वर्षों के लिए एक साथ रजिस्टर भी कराया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें:
bhairavi.co/shanti

अग्नि अर्पणम

पिछली पीढ़ियों, ज्ञात और अज्ञात, जिन्होंने हमारे जीवन का पोषण किया है, के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति के रूप में लिंग भैरवी को अग्नि की एक पवित्र भेंट। अग्नि अर्पणम उन सभी दिवंगत रिश्तेदारों के लिए किया जा सकता है, जिनके नाम और अन्य विवरण समय के साथ खो गए हैं।

यह अर्पण महालय अमावस्या (सितंबर-अक्टूबर), मौनी अमावस्या (जनवरी-फरवरी) और आदि अमावस्या (जुलाई-अगस्त) पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें:
bhairavi.co/agni

महालय अमावस्या

परंपरागत रूप से, इस दिन का गहरा महत्व है क्योंकि यह पितृ पक्ष की समाप्ति का प्रतीक है, जो वर्ष का वह समय है जब हमारे जीवन में योगदान देने वाले सभी पिछली पीढ़ियों के लोगों के सम्मान में अर्पण किया जाता है। महालय अमावस्या पर लिंग भैरवी में एक विशेष वार्षिक कालभैरव शांति का आयोजन किया जाता है।

"महालय अमावस्या अपने पूर्वजों से आनुवंशिक रूप से दूरी बनाने का दिन है। हम उनका और उनके योगदान का सम्मान करते हैं, लेकिन हम उनके प्रभाव को सीमित रखना चाहते हैं ताकि हम अपना जीवन जी सकें।"
– सद्गुरु

इस दिन भक्तों को देवी को विभिन्न ऑनलाइन या व्यक्तिगत रूप से अर्पण करने का अवसर भी मिलता है।

अधिक जानकारी के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें:
bhairavi.co/ma

अभिव्यक्तियाँ

“मैंने अपने इकलौते बेटे को खो दिया। जब मैं छोटी थी, तो मैं गरीबी में जीती थी। आज, जब मेरे पास घर, पैसा और अपने बेटे के लिए अच्छी जिंदगी जीने के लिए सब कुछ है, तो वह चला गया। एक अभिभावक के रूप में, इस नुकसान से मैं खाली और बोझिल महसूस कर रही थी। हालाँकि मैंने कभी कोई अनुष्ठान या पूजा-पाठ नहीं किया, फिर भी मैं अपने बेटे के लिए कुछ ऐसा करना चाहती थी जिससे उसे शांति मिले। कालभैरव कर्म करने से उसके लिए एक शांतिपूर्ण वातावरण बना, और उसके बाद, मैं थोड़ा शांत महसूस करती हूँ। मेरे परिवार को भी मेरे चेहरे पर बदलाव दिखाई देता है।”

श्रीमती अरुणा कंदसामी, करूर

“हम चाहते थे कि हमारी माँ की आत्मा को शांति मिले। तो, हमने कालभैरव कर्म किया। अनुष्ठान करते समय, मुझे लगा कि मेरा तन और मन बहुत हल्का हो गया है। आमतौर पर, केवल पुरुष ही कर्म कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने महिलाओं को भी यह अवसर प्रदान किया है। मुझे संतुष्टि महसूस हो रही है कि मैं अपनी माँ के लिए कुछ कर सकी।”

श्रीमती एल. लक्ष्मी, चेन्नई

ईशा योग केंद्र, कोयंबटूर में
अपने ठहरने की बुकिंग करें:
cottage.isha.in

Shri Yogini Trust,
Linga Bhairavi, Poondi,
Coimbatore - 641114, India

info@lingabhairavi.org
+91 83000 83111
lingabhairavi.org